कार्यवृत्त

सोमवार, 30 मार्गशीर्ष, शक संवत्, 1942

(दिनांक : 21 दिसम्बर, 2020)

खण्ड–58

अंक–1

विधान सभा का कार्य सभा मण्डप, देहरादून में दिन के 11:00 बजे श्री अध्यक्ष की अध्यक्षता में राष्ट्रीय गीत ''वन्दे मातरम्'' के साथ आरम्भ हुआ।

श्री अध्यक्ष जी के पीठासीन होते ही काजी निजामुद्दीन, मा0 सदस्य ने व्यवस्था का प्रश्न उठाते हुए कहा कि सदन की परम्परा रही है कि जिस दिन स्वर्गीय माननीय सदस्यों को श्रद्धांजलि दी जाती है, उस दिन ऐजेन्डे में कोई और मद नहीं ली जाती है। अतः वे मद संख्या–04 को आज की कार्यसूची से हटाने की मांग करते हैं।

मा0 संसदीय कार्य मंत्री द्वारा अवगत कराया गया कि कार्य मंत्रणा समिति की सिफारिशों के अधीन ही कार्यसूची में मदें रखी गयी हैं।

श्री अध्यक्ष ने सूचित किया कि कार्यमंत्रणा समिति ने दिनांक 20 दिसम्बर, 2020 की बैठक में दिनांक 21 दिसम्बर, 2020 से 22 दिसम्बर, 2020 तक के उपवेशन का कार्यक्रम निम्नलिखित रूप में रखे जाने की सिफारिश की है:–

दिसम्बर

21 सोमवार	1. निधन के निदेश।
	2. वित्तीय वर्ष 2020–21 की अनुपूरक अनुदान मागों का प्रस्तुतीकरण।
22 मंगलवार	1. अनुदानवार मांगों पर चर्चा एवं मतदान।
	2. उत्तराखण्ड विनियोग (2020–2021 का अनुपूरक) विधेयक, 2020 का सदन की अनुज्ञा से पुरःस्थापन, विचार एवं पारण।
	3. विधायी कार्य।

संसदीय कार्य मंत्री ने प्रस्ताव किया कि यह सदन कार्य–मंत्रणा समिति की सिफारिश, जिसकी सूचना मा0 अध्यक्ष द्वारा सदन को दी गई है, से सहमत है। प्रस्ताव सर्वसम्मति से स्वीकृत हुआ।

स्व0 श्री सुरेन्द्र सिंह जीना, सदस्य, उत्तराखण्ड विधान सभा, स्व0 श्री किशन चन्द्र पुनेठा, पूर्व सदस्य, उत्तर प्रदेश विधान सभा, स्व0 श्री सुन्दर लाल मन्द्रवाल, पूर्व सदस्य, उत्तराखण्ड विधान सभा, डा0 अनुसूया प्रसाद मैखुरी, पूर्व सदस्य, उत्तराखण्ड विधान सभा, श्री तेजपाल सिंह पंवार, पूर्व सदस्य, उत्तर प्रदेश विधान सभा के निधन पर नेता सदन, संसदीय कार्य मंत्री तथा नेता प्रतिपक्ष ने शोकोद्गार व्यक्त किए।

निम्नलिखित मा0 सदस्यों द्वारा भी शोकोद्गार व्यक्त किये गये :–

1. श्री प्रीतम सिंह पंवार,
2. श्री अरविन्द पाण्डे,
3. डा0 हरक सिंह रावत,
4. श्री सुबोध उनियाल,
5. श्री पूरण सिंह फर्त्याल,
6. श्री सतपाल महाराज,
7. श्री यशपाल आर्य,
8. काजी निजामुद्दीन,
9. श्री केदार सिंह रावत,
10. श्री गणेश जोशी,
11. श्री बिशन सिंह चुफाल,

(01:20 बजे मा0 उपाध्यक्ष पीठासीन हुए)

12. श्री राम सिंह कैड़ा,
13. श्री विनोद कण्डारी,
14. श्री चन्दन राम दास,
15. श्री मनोज रावत,
16. श्री सुरेन्द्र सिंह नेगी,
17. श्री राजकुमार,
18. श्री दिलीप सिंह रावत,
19. श्री हरबंस कपूर,

श्री उपाध्यक्ष ने 2 बजे सदन की कार्यवाही 02:30 बजे तक के लिये भोजनावकाश हेतु स्थगित की।

सदन की कार्यवाही मा0 अध्यक्ष जी की अध्यक्षता मे 02:30 बजे पुनः आरम्भ हुई।

श्री खजान दास, मा0 सदस्य ने भी शोकोद्गार व्यक्त किये।

निम्नलिखित मा0 सदस्यों द्वारा भी शोकोद्गार व्यक्त किये गये :–

21. श्री नवीन चन्द्र दुमका,
22. श्रीमती ममता राकेश,
23. श्रीमती. ऋतु खण्डूडी भूषण
24. श्री कैलाश गहतोड़ी,
25. श्रीमती मीना गंगोला

श्री अध्यक्ष ने भी सदन की संवेदनाओं से अपने को सम्बद्ध करते हुए शोकोद्गार व्यक्त किये और सूचित किया कि सदन में व्यक्त की गई शोक संवेदनाओं को वे उनके परिजनों तक पहुँचा देंगे।

तत्पश्चात सभी मा0 सदस्य दिवंगत आत्मा की शान्ति के लिये दो मिनट मौन खड़े हुए।

03 बजकर 20 मिनट पर संसदीय कार्यमंत्री ने वित्तीय वर्ष 2020–2021 की अनुपूरक अनुदान की मांगे प्रस्तुत की।

प्रतियां वितरित की गई।

03 बजकर 22 मिनट पर सदन की कार्यवाही अगले दिन के 11:00 बजे तक के लिये स्थगित हुई।

देहरादून :
दिनांक : 21 दिसम्बर, 2020

मुकेश सिंघल
सचिव (प्रभारी)
विधान सभा।

स्वीकृत,
प्रेम चन्द अग्रवाल
अध्यक्ष,
विधान सभा।